राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 27 नवम्बर। राजस्थान के चार जिलों श्रीगंगानगर, कोटा, करौली एवं बारां में होने वाले आगामी पंचायती राज चुनाव हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा क्षेत्रवार पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है जो कि जिला प्रभारी मंत्री एवं जिला प्रभारी पदाधिकारी के साथ चुनावों में प्रत्याशी चयन हेतु फीडबैक देने के साथ ही स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव संचालन में सहायता प्रदान करेंगे।

उक्त चार जिलों में होने वाले पंचायती राज चुनाव हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निम्नानुसार विधानसभा क्षेत्रवार पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है:-

श्रीगंगानगर जिला- सादुलशहर -श्री नितिन वत्सस, गंगानगर-श्री संजय जोशी, करणपुर-श्री कृष्ण नेहरा, सूरतगढ़-श्री पूसाराम गोदारा, रायसिंहनगर-श्री सोहन ढिल, अनूपगढ़-श्री यशपाल गहलोत

करौली जिला- टोडाभीम-श्री महेन्द्र गहलोत, हिण्डौन-श्री शुभदेश चौहान, करौली-श्री रघुवीर सिंह, सपोटरा-श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल

कोटा जिला- पीपल्दा- श्री अजीत सिंह यादव, सांगोद-डॉ. खानू खाँ बुधवाली, लाडपुरा-श्री कैलाश मीणा, रामगंजमण्डी- श्री राजेन्द्र शर्मा

बारां जिला- अंता- डॉ. ललित बोरीवाल, किशनगंज-श्री रूपेशकान्त व्यास, बारां-अटरूं- श्री अख्तर खान अकेला, छबड़ा- श्री अजय कच्छावा

\- - - -

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 27 नवम्बर। देश में आसमान छूती महँगाई और मूल्य वृद्धि के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर, 2021 को दिल्ली के रामलीला ग्राउण्ड पर विशाल महंगाई हटाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेतागण भाग लेंगे। रैली में प्रदेशभर के अधिकाधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा रैली की तैयारियों हेतु प्रमुख पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ नेतागण, अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठ/विभागों के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि सभी निवर्तमान जिलाध्यक्ष, निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में भाग लेने हेतु दिल्ली जाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी से समन्वय कर कार्यकर्ताओं के परिवहन की व्यवस्था की जाएगी। श्री डोटासरा ने निर्देश प्रदान किए कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित महँगाई हटाओ रैली को सफल बनाने हेतु सभी निवर्तमान जिलाध्यक्ष, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण एवं सभी वरिष्ठ एवं प्रमुख कांग्रेस नेता, सभी अग्रिम संगठनों, प्रकोष्ठों एवं विभागों के पदाधिकारीगण जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कर अधिकाधिक संख्या में कार्यकर्ताओं की रैली में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे।

राजस्थान प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के नवनियुक्त कॉर्डिनेटरों ने आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा से मुलाकात कर जिम्मेदारी प्रदान करने हेतु आभार जताया। श्री डोटासरा ने सोशल मीडिया विभाग

2....

Created by Universal Document Converter

के संयोजकों को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित महँगाई हटाओ रैली को सफल बनाने हेतु सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से रैली की सूचना एवं देश में बढ़ती महँगाई को लेकर कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

दिल्ली में आयोजित महँगाई हटाओ रैली को सफल बनाने हेतु मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा मंत्रिगणों की बैठक ली गई जिसमें रैली को सफल बनाने हेतु विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई।

- - - -

Created by Universal Document Converter